पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

## मंत्री नन्दी ने यामानाशी के गवर्नर और जापान के प्रतिनिधियों का किया स्वागत

## जापान की तकनीक और यूपी की युवा शक्ति का एक साथ आना औद्योगिक विकास के ऐतिहासिक दौर की शुरुआत है—नन्दी

## वैश्विक स्तर पर निवेश का एक महत्वपूर्ण गंतव्य बनकर उभर रहा उत्तर प्रदेश—नन्दी

लखनऊ : 21 अगस्त, 2026

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित उत्तर प्रदेश—जापान निवेश सम्मेलन 2026 में उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी भी सम्मिलित हुए। मंत्री नन्दी ने जापान के यामानाशी प्रान्त के गवर्नर कोटारो नागासाकी के साथ ही जापान से आए विभिन्न उद्योग समूहों के प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों का स्वागत एवं अभिनन्दन किया।

मंत्री नन्दी ने कहा कि यह यात्रा भारत और जापान की साझेदारी की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है। दोनों देश आपसी व्यापार और निवेश की यात्रा का एक नया अध्याय लिख रहे हैं। इस नए अध्याय की पृष्ठभूमि एक दीर्घकालीन साझा सांस्कृतिक विरासत पर आधारित है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में इस विरासत को एक नई मजबूती और समृद्धि मिल रही है।

मंत्री नन्दी ने कहा कि पिछले दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में जापान भ्रमण के दौरान आपसी साझेदारी, समझ और विश्वास की नींव पड़ी थी। अब जापान के प्रतिनिधिमंडल के उत्तर प्रदेश आगमन से द्विपक्षीय सहयोग को एक ठोस, लक्ष्य केंद्रित और सकारात्मक दिशा मिली है।

मंत्री नन्दी ने कहा कि जापान अपनी आधुनिक तकनीक, परिश्रम, और अनुशासन के लिए पूरी दुनिया में जाना जाता है। वहीं उत्तर प्रदेश अपनी बड़ी युवा आबादी, व्यापक उपभोक्ता बाजार और विश्वस्तरीय अवस्थापना सुविधाओं के कारण निवेश का एक महत्वपूर्ण गंतव्य बनकर उभर रहा है।

नए भारत का नया उत्तर प्रदेश आज वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर, एक्सप्रेसवेज, हाइवेज, एयरपोर्टस और वाटरवेज के माध्यम से बेहतर कनेक्टिविटी वाले मॉडल स्टेट के रूप में स्थापित हुआ है।

जापान के साथ औद्योगिक सहयोग उत्तर प्रदेश में स्वर्णिम उपलब्धियों को साकार करने का अवसर है। जापान की तकनीक और उत्तर प्रदेश की युवा शक्ति का एक साथ आना औद्योगिक विकास के ऐतिहासिक दौर की शुरुआत है।

ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, सेमीकंडक्टर, रक्षा उत्पादन, मेडिकल तकनीक, रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ग्रीन एनर्जी जैसे क्षेत्रों में साथ मिलकर आगे बढ़ने की अपार संभावनाएं मौजूद हैं।

उत्तर प्रदेश–यामानाशी पार्टनरशिप इस दृष्टिकोण का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। संस्थागत समझ के रूप में शुरू हुई यह पार्टनरशिप ग्रीन हाइड्रोजन, रिसर्च, स्किल्स और टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों में ठोस सहयोग की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रही है।

विशेष रूप से छोटे और मध्यम उद्योगों की प्रगति में दोनों के बीच सहयोग बेहद प्रभावी है। इस साझेदारी का सबसे बड़ा लाभार्थी हमारा युवा वर्ग है। औद्योगिक साझेदारी बढ़ने के साथ ही रोजगार सृजन के माध्यम से प्रदेश के युवाओं की प्रतिभा को उचित सम्मान मिलेगा।

---

सम्पर्क सूत्र– सरिता वर्मा

राघवेन्द्र / 06:40 PM

फोन नम्बर Direct : 0522–2239023 ई0पी0बी0एक्स0: 0522–2239132,33,34,35 एक्सटेंशन : 223 224 225
फैक्स नं0 : 0522–2237230 0522–2239586 ई–मेल : upsoochna@gmail.com,
वेबसाइट :www.information.up.gov.in